नाम :- गुंजन देवी
पता :-वार्ड 14, बड़ा शिवालय, फारबिसगंज
मो० न० :-8235970373
आस्था स्वयं सहायता समूह

"सकारात्मक सोच एवं लगन से सफलता का मार्ग प्रशस्त किया"

अपने सकारात्मक सोच के बदोलत फारबिसगंज में रहने वाली 31 वर्षीय महिला गुंजन देवी की कहानी निश्चय ही ह्रदय को विचलित कर देने वाली हैं |

अत्यंत ही साधारण परिवार से आने वाली गुंजन देवी की शादी फारबिसगंज वार्ड न 14 के निवासी राजेश कुमार साह से वर्ष 2012 में हुई थी | गुंजन देवी के पति फारबिसगंज शहर से महज 13 किलोमीटर उत्तर दिशा में अवस्थित जोगबनी बॉर्डर पर जा कर दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे | वर्ष 2017 में आये भीषण बाढ़ की विभिषिका ने गुंजन देवी से उनका पति को छीन लिया | जोगबनी से लौटने के क्रम में गुंजन देवी के पति तेज पानी के बहाव में बह गए और उनकी मौत हो गई | नियति के इस क्रूर फैसले को देख गुंजन देवी पर दुखों का पहाड टूट पडा | कुछ दिनों तक सगे-सम्बन्धियों ने सहयोग किया फिर धीरे धीरे सभी ने साथ छोर दिया| परिस्थितियां काफी विपरीत थी, गुंजन देवी को अपने दो बच्चे पुत्र दिव्यांशु (उम्र 08) एवं दीप्त्या राज (उम्र 05) की परवरिश करने की जवाबदेही थी | हालात कुछ ऐसे थे की दो जून की रोटी की वयवस्था करना भी मुश्किल हो रहा था | जैसे-तैसे किसी प्रकार से समय कट रहा था |

"DAY-NULM योजना के तहत स्वयं सहयता समूह से जुड़ाव एवं जीवन में परिवर्तन"

वर्ष 2018 में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत नगर मिशन प्रबंधक द्वारा शहर के सभी वार्ड में जाकर महिलाओ को स्वयं सहयता समूह के

(आस्था समूह के दुवारा मासिक बैठक करते हुए)

उदेश्य एवं इसके फायदे के बारे में बताया जा रहा था एवं स्वयं सहयता समूह से जुड़ने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा था | वर्ष 2018 में 16 मार्च को एक स्वयं सहयता समूह का गठन किया गया जिसका नाम आस्था स्वयं सहयता समूह रखा गया | गुंजन देवी भी इस समूह से जुड गई | अपने एवं बच्चों का

नगर परिषद, फारबिसगंज

भरण-पोषण करने हेतु गुंजन देवी ने किराना दुकान खोलने का फैसला किया | किसी प्रकार समूह से आन्तरिक लेन-देन करते हुए उन्होंने महज एक हजार रूपए से किराना दुकान कर अपनी आजीविका चलाने का फैसला लिया | धीरे - धीरे गुंजन देवी किराना दुकान से अपना एवं अपने बच्चे का भरण पोषण करने लगी | गुंजन देवी के मनोमष्तिष्क में केवल एक ही बात थी उनके दो बच्चो की अच्छी परवरिश हो एवं वे अच्छी शिक्षा पा सके | उनकी यही सकारात्मक सोच उन्हें सदेव आगे बढने हेतु प्रेरित किया |

“DAY-NULM योजना के SEP घटक के तहत समूह को केश क्रेडिट लिंकेज का लाभ”

दिनांक 04-12-2019 को DAY-NULM योजना के SEP घटक के तहत आस्था स्वयं सहयता समूह को कॅश क्रेडिट लिंकेज के तहत ऋण उपलब्ध कराया गया | समूह को ऋण मिलने से गुंजन देवी अपने किराना दुकान को और भी सुगमता पूर्वक चलाने में सक्षम हुई | धीरे - धीरे उनके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ और आज वो अपने बच्चो को अच्छी परवरिश दे रही है|

“संदेश”

गुंजन देवी का कहना है कि विकट परिस्थितियाँ आने पर विचलित नही होना चाहिए, बल्कि धैर्य और साहस के साथ आने वाले हर परिस्थिति का डटकर मुकाबला करना चाहिए क्योंकि “ भले ही रात कितनी भी गहरी, काली और डरावनी हो उसकी सुबह हमेशा ही खुबसूरत होती है” |

“सच्ची लगन एवं साहस से जीवन शैली में बदलाव”

गुंजन देवी के अनुसार महिला सशक्तिकरण हेतु सरकार

(किराने की दुकान से अपने आजीवका को बढ़ाते हुए)

की यह योजना उनके जीवन में संजीविनी की तरह कार्य की है | इस योजना के बदोलत वह आर्थिक विपन्नता को पाटकर जीवन की राह में आगे बढ़ रही गुंजन देवी के अनुसार महिला सशक्तिकरण हेतु सरकार की यह योजना उनके जीवन में संजीविनी की तरह कार्य की है | इस योजना के बदोलत वह आर्थिक विपन्नता को पाटकर जीवन की राह में आगे बढ़ रही है| आज गुंजन देवी हर महिला को योजना से जुड़ने एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित कर रही है|

Prepared By
मनीष कुमार और कुमार मनीष
नगर मिशन प्रबंधक
नगर परिषद् फारबिसगंज (बिहार)